दिन– बुधवार दिनांक– 29 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. छठ पूजा के बाद विधानसभा चुनाव प्रचार में आई तेजी। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री अमित शाह तथा राजनाथ सिंह समेत उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्रियों ने एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में धुंआधार चुनावी सभाएं की।

02 कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और महागठबंधन में मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी प्रसाद यादव ने गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में कई चुनावी सभाओं को संबोधित किया।

03. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल छपरा और मुजफ्फरपुर में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। दो नवम्बर को पटना में प्रधानमंत्री का होगा रोड शो।

04. और, चक्रवाती तूफान मोंथा के प्रभाव से राज्य के विभिन्न भागों में मौसम के तेवर में हुआ बदलाव।

---

विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए और महागठबंधन प्रचार अभियान और तेज हो गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज दरभंगा के अलीनगर में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। श्री शाह ने कहा कि चुनाव में एनडीए के पांच पांडव एकजुट होकर चुनाव लड़ रहे हैं।

–––बाईट–––

श्री शाह ने विपक्ष पर प्रहार करते हुये कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री और केन्द्र में प्रधानमंत्री पद की कोई वैकेंसी नहीं है।

–––बाईट–––

दरभंगा के अलीनगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मैथिली ठाकुर के समर्थन में सभा को संबोधित करते हुये श्री शाह ने राजद और कांग्रेस पर वंशवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

–––बाईट–––

अलीनगर से भाजपा प्रत्याशी मैथिली ठाकुर ने कहा कि वह खुद को सौभाग्यशाली मानती है कि भाजपा नेतृत्व ने उन्हें यह बड़ा अवसर दिया है।

———बाईट———

भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दरभंगा के हायाघाट और बाढ़ विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। इस मौके पर श्री सिंह कहा कि राज्य की जनता मान–सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं करेगी।

———बाईट———

जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज अपने गृह जिले नालंदा के बिहार शरीफ विधानसभा क्षेत्र के सरबहदी उच्च विद्यालय में चुनावी सभा को संबोधित किया। श्री कुमार ने कहा कि महागठबंधन के नेता लोगों को भ्रमित कर रहे हैं।

———बाईट———

पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिवान के रघुनाथपुर में एनडीए उम्मीदवार जदयू के विकास कुमार सिंह के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता अपराध और भ्रष्टाचार मुक्त शासन चाहती है।

———बाईट———

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भागलपुर के नाथनगर में लोजपा–रामविलास प्रत्याशी मिथुन यादव के समर्थन में सभा को संबोधित किया। श्री यादव ने दवा किया कि एनडीए चुनाव में बड़ी जीत दर्ज करेगा।

---

इधर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मुजफ्फरपुर से महागठबंधन के लिए अपने चुनाव अभियान की शुरुआत की। सकरा में जनसभा को संबोधित करते हुए श्री गांधी ने कहा कि महागठबंधन की सरकार बनने पर राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे।

———बाईट———

महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि महागठबंधन की सरकार बनने पर प्रत्येक परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी के लिए कानून बनाया जायेगा।

———बाईट———

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल छपरा और मुजफ्फरपुर में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं, श्री मोदी दो नवम्बर को पटना में रोड शो भी करेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर पार्टी में जबरदस्त उत्साह है।

———बाईट———

---

राजद ने दस और नेताओं को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पिछले तीन दिनों में अब तक सैंतीस नेताओं को छह वर्षों के लिए पार्टी से बाहर किया गया है। पार्टी ने जिन नेताओं के खिलाफ आज कार्रवाई की है, उनमें डेहरी के विधायक फतेह बहादुर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश कुमार, पूर्व विधायक गुलाम जिलानी वारसी और रियाजुल हक राजू शामिल है। इनमें से अधिकांश नेता निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं।

---

भाजपा की वरिष्ठ नेत्री और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने महागठबंधन के घोषणापत्र पर टिप्पणी करते हुए कहा है कि बिहार की जनता पहले भी महागठबंधन के काम देख चुकी है और अब वह गुमराह नहीं होगी।

———बाईट———

बिहार के लोग तय कर चुके हैं कि यहां एनडीए सरकार जो आम जन की सुरक्षा, आम जन की चिंता करती है, मां, बहन की चिंता करती है। तो निश्चित रूप से आज अगर हम देखेंगे तो लगातार पिछले चुनाव में महिलाएं आगे बढ़कर वोट करती आई है, एन डी ए को। एनडीए है तो हम सुरक्षित है, ये उनके मन में है। इसलिए कहीं कोई यहां वैकेंसी नहीं है, यहां एनडीए और सिर्फ एनडीए और लोगों का भरोसा और लोगों का विश्वास माननीय प्रधानमंत्री जी पर, माननीय नीतीश कुमार पर है।

जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि महागठबंधन के चुनावी वादों में सच्चाई नहीं है।

———बाईट———

जनता ने मन बना लिया कि एक तरफ घोषणाएं नहीं है जमीन पर जो भी नीतीश कुमार जी ने कहा उसे करके दिखाया। 10 लाख नौकरियां और 40 लाख रोजगार बिहार के गांव का चप्पो–चप्पो में लोगों को दी गई। दूसरी तरफ एक करोड़ नौकरियों और रोजगार के फैसले को कैबिनेट की मंजूरी मिल गई। वैसी स्थिति में नौकरियों के नाम पर राजद ने जो भी कहा या महागठबंधन के नेताओं ने जो हामी भरी जनता पर उसका कोई असर नहीं है। उन्हें ऐसा लगता है कि वो मैदान में नितीश कुमार जी से बहुत पीछे छूट चुके हैं। इसीलिए इस तरह के आसमान से तारे तोड़ने जैसे वादे कर रहे हैं।

---

आर्थिक अपराध इकाई, ईओयू ने सोशल मीडिया पर भड़काऊ, धार्मिक और जातीय नफरत फैलाने वाले पोस्ट साझा किए जाने के आरोप में भाजपा, कांग्रेस और राजद पर मुकदमा दर्ज किया है। ईओयू के डीआईजी मानवजीत सिंह ढिल्लों ने बताया

कि तीनों पार्टियों के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कई ऐसे कंटेंट पाए गए जो चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करते हैं। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पोस्ट समाज में धार्मिक और जातीय तनाव फैलाने की मंशा से साझा किए गए थे।

---

बंगाल की खाड़ी में उत्पन्न चक्रवातीय तूफान **'मोंथा'** के कारण प्रदेश के मौसम में बदलाव हुआ है। मोंथा के प्रभाव से अगले दो दिनों तक प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर आंधी–बारिश की सम्भवना है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान गोपालगंज, सीवान, मधुबनी, सीतामढ़ी और दरभंगा सहित प्रदेश के उत्तर–पूर्व राज्यों में मध्यम से भारी बारिश हो सकती है।

———बाईट———

---

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अवर सचिव सुजीत नाथ चरण ने आज आकाशवाणी, सासाराम में स्वच्छता अभियान की समीक्षा की। उन्होंने देशभर में चल रहे स्वच्छता अभियान फाइव प्वाइंट ओ के क्रियान्वयन और इससे होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी।

———बाइट———

---

पटना हाई कोर्ट के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश सुधीर सिंह कल न्यायाधीश संजय कुमार सिंह को पटना हाई कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाएंगे। न्यायाधीश संजय कुमार सिंह इलाहाबाद हाई कोर्ट से स्थानांतरित होकर पटना आए हैं।

---

पूर्व मध्य रेलवे ने छठ पर्व के बाद लौटने वाले यात्रियों की सुविधा को देखते हुये आज से चौहत्तर विशेष ट्रेनों की शुरूआत की है। रेलवे के अनुसार पटना, दानापुर, बरौनी, भागलपुर और मुजफ्फरपुर समेत कई स्टेशनों से विशेष ट्रेने रवाना होगीं। रेलवे ने बिहार और पूर्वांचल के तीस से ज्यादा प्रमुख स्टेशनों पर विशेष होल्डिंग एरिया स्थापित किये हैं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. छठ पूजा के बाद विधानसभा चुनाव प्रचार में आई तेजी। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री अमित शाह तथा राजनाथ सिंह समेत उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्रियों ने एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में धुंआधार चुनावी सभाएं की।

02 कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और महागठबंधन में मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी प्रसाद यादव ने गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में कई चुनावी सभाओं को संबोधित किया।

03. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल छपरा और मुजफ्फरपुर में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। दो नवम्बर को पटना में प्रधानमंत्री का होगा रोड शो।

04. और, चक्रवाती तूफान मोंथा के प्रभाव से राज्य के विभिन्न भागों में मौसम के तेवर में हुआ बदलाव।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।